## धरती के भगवानों की मेहनत से 22 किलो का मरीज लौटा जीवन की राह पर

# जिला चिकित्सालय शहडोल में जिंदगी की जीत

**शहडोल।** संभाग के उमरिया जिले के ग्राम मालाचुआ पोस्ट पाली निवासी अभिषेक सिंह पिता बलकरण सिंह की जिंदगी एक समय पूरी तरह अंधेरे में डूब चुकी थी। अप्रैल माह में पेट में असहनीय दर्द के कारण उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका ऑपरेशन हुआ, लेकिन इसके बाद उसके शरीर में गंभीर संक्रमण फैल गया। हाथों, पेट और पीठ में घाव बन गए, पीलिया का स्तर 8.5 तक पहुंच गया और लगातार बिस्तर पर पड़े रहने से उसकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती चली गई। तीन से चार महीने के उपचार के बाद उसका वजन गिरकर मात्र 22 किलो रह गया। हालत इतनी नाजुक थी कि वह खुद उठने-बैठने में भी असमर्थ हो गया था। सुधार की कोई उम्मीद न देखकर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने उसे बाहर किसी बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। ऐसे कठिन समय में अभिषेक के पिता ने जिला चिकित्सालय शहडोल में पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजा शीतलानी से संपर्क किया। डॉ. शीतलानी ने मरीज की गहन जांच की और 2 जुलाई को उसे जिला चिकित्सालय शहडोल में भर्ती कराया गया। उस समय मरीज की स्थिति बेहद गंभीर थी, पीलिया और संक्रमण जानलेवा अवस्था में पहुंच चुके थे। इसके बावजूद डॉ. राजा शीतलानी और उनकी टीम ने हार नहीं मानी। धरती के भगवान कहे जाने वाले इन चिकित्सकों ने दिन-रात मेहनत कर दो सप्ताह में मरीज का पीलिया सामान्य किया, संक्रमण लगभग समाप्त किया और पीठ के घावों का भी सफल उपचार किया। इसके परिणामस्वरूप अभिषेक का वजन दो किलो बढ़ा और वह अपने पैरों पर खड़ा होकर चलने का प्रयास करने लगा।



14 जुलाई को छुट्टी देकर उसे वजन बढ़ाने और नियमित खानपान की हिदायत दी गई। 4 अगस्त को वह 27 किलो वजन के साथ पुनः भर्ती हुआ। स्थिति जोखिम भरी थी, लेकिन अब ऑपरेशन जरूरी हो चुका था। परिजनों की काउंसलिंग के बाद 5 अगस्त को डॉ. राजा शीतलानी के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन किया गया। इस जटिल सर्जरी में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. मनोज जयसवाल एवं सर्जिकल वार्ड के समर्पित स्टाफ की भूमिका भी सराहनीय रही। 17 अगस्त तक अभिषेक पूरी तरह स्वस्थ होने लगा और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आज अभिषेक न केवल स्वस्थ है, बल्कि उसका वजन लगातार बढ़ रहा है और वह फिर से स्कूल जाकर अपनी पढ़ाई शुरू कर चुका है। यह मामला जिला चिकित्सालय शहडोल के लिए भी एक नई पहचान लेकर आया है, जहां आम तौर पर मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता रहा है, लेकिन यह पहला उदाहरण बना जब मेडिकल कॉलेज से लौटकर जिला चिकित्सालय में ही किसी की जान बची। इस पूरी सफलता के पीछे जिला चिकित्सालय के सुदृढ़ नेतृत्व की भी भूमिका रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, साथ ही प्रशासनिक सहयोग देने में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन और समर्थन से अस्पताल की व्यवस्था मजबूत हुई। यह केस न सिर्फ एक मरीज की जिंदगी की जीत है, बल्कि जिला चिकित्सालय शहडोल की साख को भी दोबारा मजबूत करने वाली उपलब्धि है। डॉ. राजा शीतलानी और उनकी टीम ने यह साबित कर दिया कि जब सेवा, समर्पण और संकल्प एक साथ चलते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### मध्यान्ह भोजन का किया गया निरीक्षण



**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति के निर्देशानुसार जिले में स्कूली बच्चों को गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मैदानी अधिकारियों द्वारा मध्यान्ह भोजन संचालन गतिविधियों का निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत क्वालिटी मॉनिटर जिला पंचायत आभा खरे द्वारा प्राथमिक विद्यालय खमरौध, मेढुका टोला एवं पलसउ में संचालित माध्यन्ह भोजन का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए विद्यार्थियों के मान से माह दिसम्बर लिए 438.18 मैट्रिक टन खाद्यान्न आवंटित किया गया है।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**शहडोल।** विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) की अदालत ने थाना बुढ़ार के चर्चित हत्या प्रकरण में आरोपी बेसू यादव को दोषी करार देते हुए कठोर दंड सुनाया है। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 तथा एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(2)(5) के तहत आजीवन कारावास एवं 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। यह मामला जिला शहडोल के ग्राम बरटोला हथगला का है, जिसमें अभियुक्त बेसू यादव पर मोतीलाल गोंड की नृशंस हत्या का आरोप सिद्ध हुआ। इस प्रकरण में उपनिदेशक अभियोजन एस.एल. कोष्टा ने अभियोजन की पैरवी की।

जिला मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पांडेय के अनुसार, सूचनाकर्ता सेमलाल गोंड ने 18 अक्टूबर 2022 को पुलिस को सूचना दी कि उसका भाई मोतीलाल गोंड 17 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे घर से यह कहकर निकला कि वह नत्थू प्रजापति की दुकान से सामान लेने जा रहा है, किंतु वह वापस नहीं आया। अगले दिन शाम लगभग 6 बजे रमेश सिंह गोंड ने सूचनाकर्ता को बताया कि मोतीलाल का शव किशोर सिंह के खेत के सामने पड़ा हुआ है। शव की स्थिति से प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या लोहे की टांगी से किए गए प्रहारों से की गई है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर मर्ग कायम किया और बाद में मिली जानकारी के अनुसार नत्थू प्रजापति और ठाकुरदीन ने बयान दिया कि घटना वाले दिन रात 9 बजे मोतीलाल को आरोपी बेसू यादव के साथ बरटोला की ओर जाते देखा गया था। मृतक के साथ अंतिम बार देखे जाने और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया। अनुसूचित जनजाति सदस्य के रूप में मोतीलाल की पहचान होने से प्रकरण में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा भी जोड़ी गई। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 18 साक्षियों के बयान न्यायालय में दर्ज कराए गए। उपनिदेशक अभियोजन एस.एल. कोष्टा द्वारा प्रभावी अंतिम तर्क प्रस्तुत किए गए, जिन्हें माननीय न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आरोपी को कठोर दंड देने का निर्णय सुनाया। न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता, घटनास्थल की परिस्थितियों और प्रस्तुत साक्ष्यों को आधार बनाकर आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया।

# अभियान चलाकर स्कूल बसों एवं सवारी गाड़ियों की करें नियमित जांचः कलेक्टर

### बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल विक्रय करें प्रतिबंधित



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि हेलमेट के बिना दो पहिया वाहन चालन पर नियंत्रण हेतु पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट के पेट्रोल विक्रय पर प्रतिबंधित करें तथा पेट्रोल पंपों के आस-पास हेलमेट विक्रय की व्यवस्था, शहडोल बस स्टैण्ड में सवारी गाडिय़ों को 30 मिनट तक ही रूकने की अनुमति प्रदान करें। रात्रिकालीन में रूकने वाली सवारी गाडिय़ों के रूकने की व्यवस्था एवं बस स्टैण्ड में खड़े खराब वाहनों हेतु अन्यत्र स्थान निर्धारित करें। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के दौरान जो पुल-पुलियां जीर्ण-शीर्ण हो गए हैं या उनकी रेलिंग आदि टूट गई हैं उनकी मरम्मत की जाए, सडक़ों में गड्ढों की मरम्मत अभियान चलाकर संबधित अधिकारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सवारी गाडिय़ों की फिटनेश, परमिट एवं ओव्हर लोडिंग की जांच अभियान चलाकर करें अनियमितता पाए जाने पर संबंधितो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें एवं सडक़ों के किनारे झाड़ झंकार की साफ-सफाई कराए।

नगरीय क्षेत्रो में स्कूल बसों एवं टैक्सियों की नियमित जांच कर उनके फिटनेस, परमिट तथा ड्रस कोड का पालन कराया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, जिला परिवाहन अधिकारी अनपा खान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अक्षत बुंदेला सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।





# सैनिकों का त्याग राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहरः कलेक्टर

### झंडा दिवस पर शहडोल में वीर जवानों को नमन

**शहडोल। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर विराट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। एनसीसी कैडेटों एवं पूर्व सैनिकों ने कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लेपल पिन लगाकर देशभक्ति का संदेश दिया।**





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक चौबीसों घंटे हमारे लिए खड़े रहते हैं। विदेशी हमलों, दुर्घटनाओं, आपदाओं और संकट के हर समय वे देश के नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उन परिवारों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिनके बेटे और भाई देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करते हैं या सेवानिवृत्ति के बाद कठिनाइयों से जूझ रहे होते हैं। झंडा दिवस पर जुटाई गई धनराशि सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से इन परिवारों की स्वास्थ्य, शिक्षा, गंभीर बीमारियों और बेटियों के विवाह जैसी आवश्यकताओं में सहायता करती है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दें। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों की वीरता, पराक्रम और त्याग को सलाम करने का दिन है। देश की रक्षा में लगे जवानों के मनोबल को मजबूत करने का सबसे सरल तरीका है, इस अभियान में स्वैच्छिक सहयोग।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 5 लाख 15 हजार रुपये की राशि संग्रह करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे कलेक्टर के मार्गदर्शन में पूर्ण कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह राशि शहीद परिवारों, सेवानिवृत्त सैनिकों तथा उनकी आश्रित बेटियों की शिक्षा, चिकित्सा एवं विवाह सहित अन्य सहायता कार्यों पर खर्च की जाएगी।

जिला सैनिक कल्याण संयोजक सूबेदार मेजर ओंकार गवली ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और कैडेट्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसडीएम अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर एंटोनिया एक्का, एनसीसी अधिकारी डॉ. जी.एस. सांड्या सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक और युवा कैडेट उपस्थित रहे। सभागार देशभक्ति के जज़्बे और सैनिकों के प्रति कृतज्ञता से सराबोर रहा।

## पेंशनर एसोसिएशन में गहराया विवाद

# आय-व्यय की जानकारी छिपाने का आरोप, जिला अध्यक्ष ने दी चेतावनी

**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के भीतर वित्तीय पारदर्शिता को लेकर घमासान शुरू हो गया है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आर.एल. तिवारी ने पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. परमानंद तिवारी पर संगठन के आय-व्यय का विवरण उपलब्ध न कराने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में एक कड़ा पत्र जारी कर 15 दिसंबर तक सभी वित्तीय जानकारियां सार्वजनिक करने की अंतिम चेतावनी दी गई है। जिला अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र के अनुसार एसोसिएशन के आय-व्यय के परीक्षण के लिए ऑडिटर्स की नियुक्ति की जा चुकी है, लेकिन पूर्व पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज और जानकारी साझा नहीं की जा रही है। पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि बिंदु क्रमांक 1 से 12 तक की महत्वपूर्ण जानकारियां कई बार मांगे जाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराई गईं, जिससे संगठन की वित्तीय स्थिति संदिग्ध बनी हुई है। विवाद का मुख्य केंद्र 14 सितंबर 2024 को आयोजित स्थापना दिवस के दौरान एकत्र हुई राशि है। अध्यक्ष का आरोप है कि इस कार्यक्रम में लगभग 2 लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई थी, जिसका विवरण अब तक लंबित है। इसके अतिरिक्त पेंशनर संवाद पत्रिका हेतु जिलों से प्राप्त राशि और उसके व्यय का लेखा-जोखा भी नहीं दिया गया है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि यह अंतिम अवसर है। यदि 15 दिसंबर तक आय-व्यय की जानकारी नहीं दी गई, तो नियुक्त ऑडिट अधिकारियों के माध्यम से आगामी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पत्र की प्रतिलिपि एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी भेजी गई है। इस विवाद के चलते पेंशनरों के बीच रोष व्याप्त है और संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# नशे की हालात में तीन युवतियों का हाई वोल्टेज ड्रामा



**शहडोल।** सोहागपुर क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीती रात तीन युवतियों के बीच हुए जबरदस्त हंगामे से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देर रात तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे में तीनों युवतियां आपस में बुरी तरह भिड़ गईं। तेज चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग घरों से बाहर निकल आए और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाइश के बाद तीनों को अलग कर मामला शांत कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार तीनों युवतियां पास के एक किराए के मकान में रहती हैं और सभी एक ही कमरे में रहती हैं। रात में किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। तीनों नशे की हालत में थीं, जिसके चलते मामला और बिगड़ गया। पहले तीखी नोकझोंक हुई, फिर दो युवतियों ने मिलकर तीसरी को सडक़ों पर घसीटकर पीटना शुरू कर दिया। गालियां और चीख-पुकार की आवाजें इतनी तेज थीं कि कॉलोनी के लोग घबराकर बाहर आ गए।

स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन युवतियों का नशा और गुस्सा दोनों चरम पर था, जिसके कारण वे किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थीं। लोगों द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों को समझाइश दी, उन्हें अलग किया और हंगामा शांत कराया। पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद लगभग एक घंटे तक चलता रहा और दो युवतियों ने मिलकर एक युवती की जमकर पिटाई की। लंबे समय तक चले इस हंगामे से कॉलोनी में तनाव का माहौल बना रहा और घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। घटना के बाद निवासी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंतित दिखाई दिए।

# शहीद आरक्षक को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के बस स्टैंड में ड्यूटी के दौरान हुई दर्दनाक दुर्घटना में शहीद हुए आरक्षक महेश पाठक को सोमवार को उनके गृह ग्राम रीवा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पूरे गांव में शोक की लहर थी। रीवा एसपी, शहडोल सीएसपी राघवेंद्र द्विवेदी, कोतवाली टीआई राघवेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे। सलामी के बाद अधिकारी भावुक हो उठे और कई की आंखें नम हो गईं।रविवार दोपहर हुए हादसे ने पुलिस अमले को झकझोर दिया है। ड्यूटी के दौरान दादू कंपनी की एक तेज रफ्तार बस ने आरक्षक महेश पाठक को कुचल दिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस स्टैंड पर लंबे समय तक स्तब्ध माहौल रहा। साथी पुलिसकर्मी रो पड़े, अधिकारी भी गहरे सदमे में दिखाई दिए, लेकिन कुछ ही घंटे बाद वही लापरवाही फिर लौट आई, बसें पहले जैसी रफ्तार में दौडऩे लगीं, मानो कोई सबक सीखने की जरूरत ही न हो। आरक्षक की मौत ने पूरी व्यवस्था की जवाबदेही पर बड़े प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। दादू एंड ट्रेवल्स की लापरवाह बसें लंबे समय से शिकायती सूची में हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है। परिवहन विभाग की ढिलाई और पुलिस की सीमित कार्यवाही पर भी आमजन खुले तौर पर सवाल उठा रहे हैं। क्या विभाग अब कागजी खानापूर्ति से आगे बढक़र कठोर कदम उठाएगा? क्या चालक और संचालक पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी? या यह मामला भी पूर्व की घटनाओं की तरह फाइलों में दब जाएगा? महेश पाठक की बलिदान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अनुशासित करने के बिना ऐसे हादसे रुकने वाले नहीं। उनकी शहादत कम से कम इतनी जागरूकता तो जगाए कि लापरवाही के खिलाफ ठोस कदम उठें और पुलिसकर्मियों व नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता मिले।



## सडक़ दुर्घटना में प्रधान आरक्षक के पैर की उंगलिया कटी

### डिडवरिया में दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत, नागपुर रेफर

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डिडवरिया में मोटरसाइकिलों की भीषण भिड़ंत में अजाक थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह परिहार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब प्रधान आरक्षक किसी मामले की विवेचना कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में उनके दाएं पैर की पांचों उंगलियां कट गईं, जिससे उनकी हालत नाजुक हो गई। पुलिस के अनुसार प्रधान आरक्षक अपनी बाइक से डिडवरिया से शहडोल की ओर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को सीधे टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर उपस्थित ग्रामीण तत्काल सक्रिय हुए और गंभीर रूप से घायल प्रधान आरक्षक को ऑटो के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना स्टाफ भी अस्पताल पहुंच गया और उनके उपचार की व्यवस्था की।

निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए उन्हें तुरंत नागपुर रेफर कर दिया, जहां उनका आगे का इलाज जारी है। दूसरी ओर, दुर्घटना में शामिल दूसरी बाइक और उसके सवार का कोई सुराग अब तक नहीं मिल पाया है। टक्कर के बाद वह मौके से फरार हो गया, जिसके चलते पुलिस उसकी पहचान के लिए क्षेत्र में खोजबीन कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस दुर्घटना के कारणों की तहकीकात कर रही है। दुर्घटनाओं की इन दो घटनाओं ने पुलिस महकमे और शहर में गंभीर चिंता का माहौल खड़ा कर दिया है।

### मौत के मुहाने से निकला ट्रक चालक, कारोबारी भाई गंभीर

# उमरिया में काली रात, दो स्थानों पर रफ्तार का कहर

**उमरिया।** जिले की बीती रात मानो रफ्तार के राक्षस ने सडक़ों पर तांडव कर दिया। जिले के दो अलग-अलग इलाकों घुनघुटी और कछरवार में हुए भीषण दुर्घटनाओं ने न सिर्फ लोगों की रूहें कपा दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद जिले में सडक़ सुरक्षा अब भी कागज़ों में ही दम तोड़ रही है।



## ट्रक का केबिन बना कब्र

पाली थाना क्षेत्र के घुनघुटी में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात लगभग 3 बजे ऐसा दिल दहलाने वाला हादसा हुआ, जिसे देखने वालों की रूह थर्रा उठी। उत्तर प्रदेश से गिट्टी लादकर बुढ़ार की ओर बढ़ रहा तेज रफ्तार ट्रक सडक़ किनारे खड़े दूसरे ट्रक में इस जोर से घुसा कि आगे वाला ट्रक आधा मटियामेट हो गया और पीछे वाले वाहन का केबिन पूरी तरह पिचक गया। टक्कर इतनी भयावह थी कि चालक अर्जुन यादव निवासी मिर्जापुर (उ.प्र.), लोहे और मशीनरी के मलबे में इस कदर फंस गया कि उसे देखने मात्र से लग रहा था मानो वह स्टील की दीवारों के भीतर कैद हो गया हो। हादसे की गूंज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को खबर दी। पर जब पुलिस दल के साथ पहुंची जेसीबी और बचाव टीम मलबा हटाने लगी, तो यह स्पष्ट हो गया कि यह कोई साधारण रेस्क्यू नहीं है। घंटों तक मशीनें गरजती रहीं, हथौड़े चलते रहे, और बचाव दल चालक को एक-एक इंच निकालने की कोशिश करता रहा, लेकिन केबिन की जकडऩ इतनी कड़ी थी कि पूरी रात मशक्कत जारी रही। सुबह होते-होते भारी मशीनरी और क्रेन की मदद से आखिरकार चालक को जीवित बाहर निकाला जा सका। पूरा बचाव अभियान ऐसा था, मानो मौत को चुनौती दी जा रही हो। घायल



चालक को घटनास्थल पर तैनात 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मोड़ पर लंबे समय से ओवरस्पीडिंग की शिकायतें हैं, मगर सडक़ सुरक्षा के नाम पर न कोई बोर्ड, न कोई बैरिकेड—कागज़ी प्रबंधन ही सबकुछ चला रहा है।

## चारपहिया ने उड़ाई बाइक

उमरिया मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कछरवार रोड पर देर रात एक और हादसे ने जिले की संवेदनाएं झकझोर दीं। अपने रोज़मर्रा के कामकाज से दुकान बंद कर घर लौट रहे ग्राम कछरवार निवासी व्यापारी महाजन सेन और उनका भाई भगवान दास सेन बेकाबू चारपहिया वाहन की चपेट में आ गए। कछरा टोला के पास जैसे ही दोनों भाई अपनी बाइक से गुजरे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर उन्हें कई मीटर दूर सडक़ पर फेंक दिया। जिस रफ्तार में टक्कर हुई, उसे देखकर ऐसा लगा मानो वाहन चालक सडक़ को रेस ट्रैक समझकर दौड़ रहा था। दोनों भाइयों की हालत मौके पर ही गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों ने इंसानियत दिखाते हुए बिना समय गंवाए दोनों घायलों को उठाया, वाहनों की व्यवस्था की, और जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की स्थिति नाज़ुक है और लगातार निगरानी में रखा गया है। हादसे के बाद कार चालक और उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि वाहन पास के नाले में जा अटका। पुलिस ने वाहन ज़ब्त कर लिया है, लेकिन आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर हैं।

## रफ्तार से बढ़ती मौतें, प्रशासन फिर सोया?

कछरवार रोड, जिसे लोग पहले ही 'डेथ ज़ोन' कहने लगे हैं, लेकिन हादसे अब आम बात हो चुकी है। लोगों का कहना है कि रात के समय यहां तेज रफ्तार वाहनों का आतंक रहता है। सडक़ पर न पुलिस की गश्त, न स्पीड कंट्रोल के इंतज़ाम, न ही कोई चेतावनी बोर्ड नतीजा यह कि सडक़ें मौत के जाल में बदल चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन हर बार घटना के बाद जागता है और कुछ दिनों तक गश्त का दिखावा कर फिर से लापरवाह हो जाता है। नतीजा यह है कि सडक़ सुरक्षा सिर्फ बैठकों और प्रेस बयान तक सीमित रह गई है।

## सडक़ें बनी जोखिम का खेल

दोनों दुर्घटनाओं ने साफ कर दिया है कि सडक़ सुरक्षा के मामले में जिले की स्थिति बेहद चिंताजनक है। भारी वाहनों की मनमानी रफ्तार, अंधाधुंध ओवरलोडिंग, सडक़ों पर पुलिस की अनुपस्थिति और नियमों की खुलेआम धज्जियां, इन सबने मिलकर उमरिया की सडक़ों को मौत के फंदे में बदल दिया है। घुनघुटी का हादसा सडक़ किनारे पार्किंग की अव्यवस्था की ओर इशारा करता है, जबकि कछरवार की दुर्घटना पुलिस गश्त और स्पीड कंट्रोल की नाकामी का खुला सबूत है।

## कार्रवाई नहीं, समाधान चाहिए

जिलेभर में इन दोनों हादसों के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अब वक्त आ गया है कि पुलिस और प्रशासन सिर्फ बयान जारी करने के बजाय ठोस कदम उठाए, खतरनाक मोड़ों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, रात में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों पर सख्त कार्यवाही हो, सडक़ों पर चेतावनी संकेत और स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं, नियम तोडऩे वालों पर तुरंत चालान और कानूनी कार्रवाई हो, उमरिया में बीती रात की दो दुर्घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासन की लापरवाही और तेज रफ्तार की यह अंधेरी गठजोड़ कब किसकी जिंदगी निगल ले, कहना मुश्किल है। जिले की जनता अब यह संदेश साफ-साफ दे रही है, सडक़ सुरक्षा कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जिंदगी और मौत का सवाल है।



# माननीय राज्यपाल द्वारा भेजे गये संदेश का कलेक्टर ने किया वाचन

उमरिया।

सशस्त्र सेना दिवस के अवसर पर प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगुभाई पटेल व्दारा भेजे गये संदेश का कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने वाचन किया।

माननीय राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि हर्ष का विषय है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस- 2025 हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मध्यप्रदेश सहित संपूर्ण देश में 7 दिसम्बर को असीम गौरव के साथ मनाया जा रहा है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे सैनिकों के प्रति एकता और समर्थन का प्रतीक है।भारतीय सशस्त्र सेनाओं का युद्ध, आन्तरिक सुरक्षा, प्राकृतिक विपदा में नागरिकों को सहायता करने का गौरवशाली इतिहास रहा है। वह किसी भी मूल्य पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को सदैव कटिबद्ध रहे हैं। सशस्त्र सेना के अनवरत समर्थन और देश के प्रति समर्पण की भावना, वीरता और साहस ने हमेशा राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। झंडा दिवस उनके प्रति आभार प्रदर्शन का अवसर है। यह समाज में सकारात्मकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रस्तुत करने का प्रसंग भी होता है। देश की सुरक्षा और एकता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान और श्रद्धा को अभिव्यक्त करने का माध्यम होता है। प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि कर्तव्य पालन में शहीद, सैनिकों और परिजनों, विकलांग सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण हेतु बनाई गई समामेलित विशेष निधि के लिए अधिक से अधिक अंशदान करें।सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2025 के पावन अवसर पर प्रदेश के सैनिकों समस्त शहीदों के परिजनों, पूर्व एवं सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें।जो विभाग प्रमुख डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें।



बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीदी का कार्य 1 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है । उन्होने संबंधित अधिकारी से कहा है कि खरीदी स्थल पर तिरपाल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए इसके साथ ही धान का परिवहन में किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टकर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया,प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## अवैध गिट्टी मय ट्रेक्टर ट्रॉली सहित जप्त

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु रोक लगाने के निर्देश दिए है, जिसके परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा कुल 3 नग वाहनों को जब्त किया गया है, जिसमें तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम रक्शा एवं मानपुर से वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 जेडी 0833 मय गिट्टी जिसके वाहन मालिक गौरव कुमार दुबे निवासी वार्ड नं. 24 सोहागपुर जिला शहडोल (म.प्र.) एवं ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 54 ए 8951 मय खनिज गिट्टी जिसके वाहन मालिक विनय कुमार केवट निवासी ग्राम कठार तहसील मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.) एवं 7 दिसंबर को तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम बडछड से वाहन ट्रेक्टर मय खनिज गिट्टी जिसके वाहन चालक सचिन पिता राजा सिंह निवासी हरतला थाना बरही जिला कटनी (म.प्र.) तथा 8 दिसंबर को तहसील बांधवगढ अंतर्गत ग्राम भरौला से वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 8066 ट्राली नंबर निल जिसके वाहन मालिक अंकित रैदास पिता लक्ष्मण रोहणी रैदास निवासी भरौला तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया (म.प्र.) को मय खनिज रेत के अवैध परिवहन में जप्त किया गया। समस्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# आंखों की जांच के बाद 275 लोगों को दिए गए चश्मे



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मोहसिने आजम मिशन लहसुई कमेटी के द्वारा सामुदायिक भवन वार्ड 14 में निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोतमा के समस्त वार्डो, बिजुरी, निगवानी, भालूमाडा, जमुना, झींकबिजुरी, जमुडी सहित आसपास के गांवो से पूरे दिन आंख संबंधी मरीजों के द्वारा अपना पंजीयन कराते हुए आंखों की जांच कराई गई। शिविर में 500 से ज्यादा लोगों का चेकअप तीन डॉक्टरों की टीम के द्वारा किया गया एवं 275 मरीजों को चश्मा का वितरण भी किया गया। बिलासपुर, मनेंद्रगढ़ सहित स्थानीय डॉक्टरों की टीम पूरे दिन नेत्र परीक्षण एवं जागरूक करने में जुटी रही। कुछ मरीजों को उपचार के लिए बाहर जाने का परामर्श दिया गया। शिविर में नपा अध्यक्ष अजय सराफ ने कहा कि संस्था की ओर से बड़ा ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग जांच भी नहीं करा पाते हैं शिविर के माध्यम से जांच भी हो रही और निशुल्क चश्मा भी दिया जा रहा है। संस्था के साबिर अली ने कहा सब को सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंद लोगो की मदद करनी चाहिए। सभी मरीजों एवं आगंतुकों के लिए कमेटी द्वारा जलपान की व्यवस्था भी कराई गई थी। वार्ड पार्षद मो अल्ताफ, मो मुफीद सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# सैनिक कल्याण अधिकारी ने कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को लगाया फ्लैग बैच








उमरिया।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण अधिकारी संतोष चतुर्वेदी ने कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियो को फ्लैग बैच लगाया। कलेक्टर ने कहा कि सीमाओं की रक्षा के लिये तत्पर वीर सैनिकों पर देश को गर्व है। आपने सैनिक कल्याण अधिकारी को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि सेवा निवृत्त तथा शहीद सैनिक परिवारो की मदद के लिये जिलावासी पूरे मन से दान करें। यह राशि सैनिक परिवारो की भलाई एवं देख रेख पर व्यय की जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि झण्डा दिवस के लिए उमरिया का लक्ष्य तीन लाख 12 हजार 200रूपये नियत रहा, जिसमे जिला उमरिया ने तीन लाख 18 हजार 800 रूपये सैनिक कल्याण में जमा कराई गई है ।

# निर्वाचन कार्य व्यवस्था के लिए किया गया कार्य विभाजन

**उमरिया।** सचिव मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल व्दारा पंचायत के उप निर्वाचन 2025 उत्तराध्द के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है , जिसमें जिले के जनपद पंचायत पाली एवं करकेली में रिक्त पदो हेतु निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाना है । लेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के जनपद पंचायत पाली में पंच के 4 रिक्त पद एवं जनपद सदस्य 1 रिक्त पद तथा जनपद पंचायत करकेली में पंच के 5 रिक्त पदो पर निर्वाचन कार्य संपन्न कराने हेतु जिला कार्यालय एवं जिला मुख्यालय मे पदस्थ अन्य विभागों के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया गया है । उन्होने अधिकारियो, कर्मचारियो को निर्देशित किया है कि पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 उत्तराध्द के लिए जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार आवंटित कार्य समय सीमा मे पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे । प्रभारी अधिकारी अपने आवंटित कार्य से संबंधित नस्ती उप जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

## 15 दिसंबर को टास्क फोर्स समिति की बैठक

**उमरिया।** खनिजो के अवैध उत्खनन,परिवहन भंडारण की रोकथाम, नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 15 दिसंबर को समय सीमा की बैठक पश्चात दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

# 47वीं अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में ताप विद्युत गृह चचाई बना विजेता



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** विद्युत विभाग द्वारा आयोजित 47 वी अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा इस वर्ष ग्वालियर क्षेत्र में यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया जो की 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड जिला खेल परिसर में आयोजित किया गया इस प्रतियोगिता में विद्युत कंपनियों की प्रदेश भर से कई टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें जबलपुर, रीवा, सागर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सारणी, बिरसिंहपुर पाली, सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना खंडवा एवं अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई आदि टीमों ने भाग लिया इस अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की टीम ने पहले शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बिरसिंहपुर पाली को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया वहीं सेमीफाइनल में ग्वालियर क्षेत्र को हराकर फाइनल मुकाबले में सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना खंडवा को हराकर टूर्नामेंट का विजेता बना। इस अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अमरकंटक टीम से अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले अमरकंटक ताप विद्युत गृह के पांच खिलाड़ियों का चयन जिसमें संजय मांझी, समीर बढई, शिवनारायण सोनी, संजय बैगा, एवं अजीत यादव का चयन आगामी समय में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता हेतु किया गया प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह महाप्रबंधक शहर व्रत संदीप कालरा के मुख्य अतिथि में किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया तीसरे स्थान पर सारणी की टीम रही।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में तेज रफ्तार वाहनों का कहर



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाईवे सडक में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमते नजर नहीं आ रहा है। हर दूसरे दिन सड़के खून से लाल हो रही हैं। नए मामले में सोमवार की सुबह 10:30 बजे के लगभग अनूपपुर से मनेद्रगढ़ की ओर जा रही चार पहिया वाहन चालक के द्वारा स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में वाहन खेत के पास बिजली पोल में दुर्घटना कर दिया। सुबह-सुबह हुई दुर्घटना के बाद भारी भीड़ एकत्र हो गई। कुछ देर के लिए हाईवे का आवागमन भी प्रभावित हुआ। बताया जाता है कि चार पहिया वाहन क्रमांक यूपी 65 एफएम 9008 के चालक द्वारा अनूपपुर से परिवार को लेकर मनेद्रगढ़ बरबसपुर की ओर जा रहा था। हाइवे रोड केशवाही चौराहे के पास महिला एवं स्कूटी को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बिजली के पोल को तोड़ते हुए खेत में घुस गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच वाहन को जप्त करते हुए जांच कर रही है। कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वही स्कूटी सवार महिला को चोट लगी है जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा इलाज के लिए पहुंचाया गया। विद्युत विभाग के द्वारा भी शासकीय संपति के क्षतिग्रस्त को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ महीने से लापता वृद्ध का जंगल में मिला शव

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ महीने से लापता एक वृद्ध का कंकाल मिलने से सनसनी मच गई। जंगल में मिले शव की हालत बेहद खराब थी, जिससे चेहरा पहचानना संभव नहीं था। हालांकि, कपड़ों और शारीरिक बनावट के आधार पर परिजन और स्थानीय लोगों ने शव की पहचान की। बताया जाता है कि करीब डेढ़ महीने से पहले 70 वर्षीय बुजुर्ग रामसिंह रघुवंशी लापता हो गया था। गत सुबह लकड़ी काटने गए मजदूरों ने घास-फूस के बीच मानव कंकाल जैसी आकृति देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में कैमोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही की। परिजनों ने बताया कि रामसिंह पिछले काफी समय से मानसिक अस्थिरता से जूझ रहे थे और अक्सर घर से भटक जाया करते थे। लेकिन इस बार वे लौटकर नहीं आए। परिजनों ने हर जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उनका भाई महेश सिंह मुंबई में मजदूरी करता है और रोजगार के कारण अक्सर शहर से बाहर रहता है। शव की स्थिति देखकर साफ था कि मौत कई दिनों पहले ही हो चुकी थी। पुलिस ने मौके से कपड़े और अन्य नमूने जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हादसा है, बीमारी से मौत हुई या इसमें कोई संदिग्ध पहलू मौजूद है।

### नेशनल लोक अदालत में अधिभार में मिलेगी छूट

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत शिविर का आयोजन नगर निगम कार्यालय सहित अन्य चार स्थलों बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाना है। लोक अदालत में करदाताओं को वर्ष 2024 - 25 के बकाया राशि के अधिभार में छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगर के अधिक से अधिक करदाताओं से लोक अदालत शिविर स्थलों में पहुंचकर बकाया करों के अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रुपये से अधिक तथा 50 हजार रुपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

### सड़क और नाली निर्माण नही होने से लोग परेशान



**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत के वार्ड 6 से होकर संगम कॉलोनी तक निकलने वाली गली में अभी तक ग्राम पंचायत ने सी सी रोड निर्माण और नाली निर्माण नही कराया जिसके कारण राहगीर और वार्ड वासियों को परेशानी हो रही हैं। नाली नही होने के कारण पूरे मार्ग में घरों का गंदा पानी बहता रहता है । पंच लक्ष्मी काछी ,सुनील काछी , राहुल काछी ,कमलेश काछी ने बताया कि आज तक हमारी गली में पंचायत से कोई भी विकास कार्य नही हुआ नाली और सीसी रोड निर्माण का अनेक बार आदेवन दिया परंतु पंचायत सिर्फ बार बार मार्ग की नपाई ही करती है आज तक कोई भी निर्माण कार्य नही हुआ। बारिश में पैदल निकलने में भी बहुत परेशानी होती है ।ग्रामीणों ने जल्द सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग की है।

# मगरहा नाला में किया गया बोरी बंधान

बुढ़ार



**बुढ़ार जनपद अंतर्गत ग्राम बैरिहा के मगरहा नाला में बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया। जन अभियान परिषद के नवांकुर समिति और प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा जल को संचय एवं सुरक्षित रखने के लिए बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया है।**

जन अभियान परिषद के जिला समन्वय विवेक पांडेय के मार्गदर्शन में मगरहा नाला में बोरी बंधान का कार्य संपन्न हुआ। बोरी बंधान से नाले में बहते हुये पानी का उपयोग किसान खेती में सिंचाई के लिए कर सकते हैं साथ ही पशु पक्षियों को भी पेय जल उपलब्ध हो सकेगा।जल है तो कल है, पानी बिना कुछ भी सम्भव नही है।इन्हीं उद्देश्यो को लेकर नवांकुर समिति और प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा 30 दिसंबर तक नदी नाले में बोरी बंधान सफाई पर कार्य करेंगे।कार्यक्रम मे उपस्थिति श्री बजरंग ग्राम विकास समिति चंनौडी के अध्यक्ष मो हनीफ़, सुरेश मिश्रा ,प्रस्फुटन समिति के करण कुशवाहा, कैलाश गुप्ता, अभिलाष चतुर्वेदी, दिपेश शर्मा, सुधीर मिश्रा, सागर तिवारी, सतीष, शिवम कुशवाहा, सचिन नापित,बबलू पनिका ,सुनील एवम समिति के सदस्य और ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।



# घुनघुटी में रात 3 बजे भीषण सड़क हादसा

घुनघुटी

घुनघुटी में रात 3बजे करीब बस स्टैंड के पास खड़े ट्रक में गिट्टी लोड ट्रेलर जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर् का आधा हिस्सा खड़े ट्रक में जा घुसा। इससे घंटों यातायात प्रभावित हुआ।



# लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज़‹अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली की पहल पर जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 5 से 25 दिसंबर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य राजस्व संबंधित कार्यों में गति लाना तथा आमजन को समय पर राहत प्रदान करना है। अभियान के अंतर्गत राजस्व अधिकारियों द्वारा लंबित प्रकरणों का गंभीरता के आधार पर परीक्षण एवं निराकरण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में आज दिनांक तक नामांतरण के 349, बंटवारा के 56 तथा फार्मर रजिस्ट्री के 278 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है। राजस्व विभाग की टीम लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर प्रकरणों की समीक्षा कर रही है, जिससे अधिक से अधिक मामलों का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष लंबित प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए, ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिकों को समय पर राजस्व सेवाओं का लाभ मिल सके। विशेष अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा और जिले में सभी महत्वपूर्ण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए सतत कार्यवाही की जा रही है।

## नकाबपोशों ने दो कर्मचारियों को बंधक बनाकर किया ट्रांसफार्मर चोरी

# जमुना में सनसनी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।



जमुना 1/2 खान मुडधोवा स्थित पंप घर में सोमवार देर रात हुई बड़ी चोरी ने खदान सुरक्षा तंत्र की पोल खोल दी है जहां कॉलरी परिसर में के जवान तैनात रहते हैं, वहीं चोरी वाली जगह पर की कोई ड्यूटी नहीं थी, केवल कलारी के कर्मचारी तैनात थे इसी सुरक्षा ढांचे की कमी का फायदा उठाकर हथियारबंद नकाबपोशों ने कर्मचारियों को बंधक बनाया और ट्रांसफार्मर चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सुरक्षा प्रहरी पन्नू लाल और ऑपरेटर रामखेलावन साहू रात करीब 1:45 बजे ड्यूटी कर रहे थे, तभी 30,35 नकाबपोश हथियारबंद लोग अचानक वहां पहुंच गए चोरों ने पहले पन्नू लाल को घेरा, फिर अंदर जाकर रामखेलावन साहू को भी पकड़ लिया दोनों को मारपीट, गाली-गलौज कर पंखा घर के भीतर बंद कर दिया गया। गिरोह ने इसी दौरान पंखा घर से दो ट्रांसफार्मर खोलकर ले गए और बगल में लगी केबल तारें भी काटकर चोरी कर लीं जिसकी कीमत लाखों में है। कर्मचारी किसी तरह सुबह 5 बजे बाहर निकल पाए और अधिकारियों को सूचना दी सुबह खदान प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की हालांकि मौके से क्या सुराग मिले इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आ सकी है। स्थानीय स्तर पर बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है। जब कॉलरी क्षेत्र में और एसईसीएल का सुरक्षा विभाग सक्रिय हैं, तब चोरी वाली जगह की सुरक्षा में इतनी भारी चूक कैसे रह गई। कर्मचारियों का कहना है कि नकाबपोशों की संख्या और हथियारों के कारण उनकी जान भारी खतरे में थी। पुलिस फिलहाल मामले की बारीकी से जांच कर रही है तीन महीने पहले भी हुई थी लाखों की चोरी, आज तक नहीं हुआ खुलासा इसी क्षेत्र में लगभग तीन महीने पहले भी लाखों रुपये की चोरी की वारदात हुई थी। उस घटना का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर और अधिक चिंता बढ़ गई है। लगातार हो रही घटनाओं ने कॉलरी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

# श्री रामचंद्र के पथ गमन के तहत कटनी क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार एवं श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास, भोपाल के परिपालन में शासकीय कन्या महाविद्यालय में श्रीरामचन्द्र पथ गमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छात्रा वंदना सिंह के द्वारा श्रीरामचन्द्र कृपालु भजुमन गायन से किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के द्वारा श्रीरामचंद्र की जीवनी एवं कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला एवं उन्होंने श्रीरामचंद्र के पथ गमन के तहत कटनी क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत भजन प्रतियोगिता, चित्रकला तथा प्रश्नमंच प्रतिगयोगिता का आयोजन किया गया। भजन प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने सहभागिता की, जिसमें प्रियांशी बैरागी प्रथम स्थान, खुशी मिश्रा एवं दिव्यांशी मिश्रा ने द्वितीय स्थान एवं लक्ष्मी रैदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार श्रीरामचंद्र के जीवन पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में 19 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें अंकिता चतुर्वेदी प्रथम स्थान, प्रतिभा पाण्डेय द्वितीय स्थान एवं सोनम पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि श्रीरामचंद्र के जीवन पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में मानवी शुक्ला प्रथम स्थान, निधि शुक्ला द्वितीय एवं रोशनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. रोशनी पाण्डेय, के. जे. सिन्हा, बंदना मिश्रा, मिथलेश्वरी मरावी, शिल्पी कुमारी मौजूद रहीं।

*रथ भ्रमण के माध्यम से चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान*

# किसानों को नरवाई प्रबंधन की जानकारी देकर पराली नहीं जलाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसान भाईयों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराने हेतु विकासखण्ड रीठी के ग्राम बिलहरी में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रथ भ्रमण के माध्यडम से नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपडा, जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कृषि विभाग के ग्रामीण विकास अधिकारी उपस्थित थे।

रथ भ्रमण के दौरान किसानों को जानकारी देते हुये बताया गया कि नरवाई जलाने से खेतों की मिट्टी में जो उपयोगी मित्र कीट होते हैं, वह जल कर खत्म हो जाते हैं तथा मिट्टी की उपरी परत भी जल जाती है, इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है। बल्कि, तथा उत्पादन कम होता है। साथ ही पराली जलाने से वायु भी प्रदूषित होती है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और कई प्रकार की गंभीर बीमारियां फैलती है।

पराली जलाने पर शासन द्वारा जुर्माने के तौर पर अर्थदण्ड लगाया जाता है। इसके तहत 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान पर 2500 रूपये प्रति घटना, 2 एकड से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 5 हजार रूपये प्रति घटना और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15 हजार रूपये प्रतिघटना अर्थदण्डध का प्रावधान है।

नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टीलाईजर सीडिड्रडूल आदि कृषि उपयंत्रो के उपयोग से नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है।

सुपर सीडर या हैप्पी सीडर कृषि यंत्र बोनी करने के साथ-साथ खेत में लगे नरवाई को भी काटकर मिट्टी में मिला देता है, जिससे नरवाई मिट्टी में मिलकर सड़ कर खाद बन जाती है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढती है तथा उत्पादन भी अच्छा होता है। साथ ही श्रम व लागत में भी कमी आती है। साथ ही पराली जलाने से लगने वाले अर्थदण्ड से भी बचा जा सकता है। नरवाई प्रबंधन के एक अन्य यंत्र बेलर का उपयोग कर नरवाई के बंडल बनाकर उसे बेच कर लाभ कमा सकते हैं। वहीं नरवाई प्रबंधन यंत्र स्ट्रारीपर के उपयोग से भी नरवाई न जला कर उससे भुसा बनाकर पशु अहार तैयार किया जा सकता है।

## महाविद्यालय में एड्स दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां

# चित्रकला प्रतियोगिता से एड्स के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



**शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व एवं डॉ. सुनीता सिंह के संयोजकत्व में एचआईवी एड्स जागरूकता के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए ₹रुकावटों पर जीत, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव₹ थीम पर विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर चित्र एवं स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक सौरभ तिवारी, मनोज चौधरी, डॉ. मंजुलता साहू एवं डॉ. रूपा शर्मा द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर प्रीति बर्मन बी. एस. सी. तृतीय वर्ष को पहला, सतीश कुशवाहा, बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष को दूसरा और दिव्या मल्लाह, बी. एस. सी. तृतीय वर्ष को तीसरा स्थान प्रदान किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे डॉ. अरविन्द सिंह ने एचआईवी वायरस और उसमे होने वाली वृद्धि की वजह से मनुष्यों में होने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 1 दिसंबर को हर साल लोगो को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए संपूर्ण विश्व में एड्स दिवस मनाया जाता है। एड्स या एचआईवी के बारे में समाज में मौजूद गलत अवधारणा के कारण लोग खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है। एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है। एड्स कैसे फैलता है, इससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इससे जुड़े मिथक से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही कहां कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और विद्यार्थियों एवं लोगों में जागरूकता बढ़ाना हैं। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने पूरे समाज को एक-जुट होकर एड्स से लड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों से किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ अरविन्द शुक्ला, मनोज चौधरी, सौरभ तिवारी, पवन दुबे, अनीता सिंह, डॉ. कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, सोनम पाण्डे, रावेंद्र साकेत, पुष्पलता विश्वकर्मा, सुश्री संतोषी तिवारी, दीपक मिश्रा, डॉ अरुण तिवारी मौजूद रहे।

# भगवान महावीर स्वामी एवं सुपार्श्वनाथ जी की हुई अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व हुकुमचंद जैन द्वारा निर्मित श्री 1008 चंद्र प्रभ दिगंबर जैन बंगला मंदिर मे नवीन प्रतिमा का आगमन हुआ। आचार्य समय सागर महाराज ससंध के सानिध्य मे जबलपुर मे पंच कल्यायक प्रतिष्ठित कर महावीर भगवान एवं सुपार्शनाथ भगवान के कटनी नगर आगमन पर भव्य आगमनी बंगला मंदिर बाहुबली कॉलोनी एवं समस्त जैन समाज बड़े जैन मंदिर से होती हुई कांच मंदिर हीरागंज से बंगला जैन मंदिर मे प्रवेश हुआ। उसके बाद अभिषेक एवं लघु शांति धारा की गई। राकेश जैन कक्का ने बताया की आज सोमवर को नवीन प्रतिमाओ का मस्तिका अभिषेक 108 मंत्रो द्वारा एवं बड़ी शांति धारा मुनिश्री 108 पदम सागर जी के सानिध्य मे सम्पन्न होंगी। भव्य जुलुस मे विजय जैन बंगला मंदिर,विजय जैन विश्व, राजकुमार जैन, विमल जैन,शांति कुमार,पप्पू जैन,प्रवीण जैन,ऋषभ जैन, रज्जन जैन य संजय जैन, सोनू जैन, आराधना जैन रोशनी जैन, कल्पना जैन आभा जैन तारा जैन ब्रम्हाचारनी रूचि जैन, मंजू जैन स्मृति जैन रमेशचंद भजन सागर, सतीश जैन,बिहारी जैन तरुण जैन अंकुर जैन,आदित्य जैन,लाभांश जैन, पूर्वी जैन, दीपाली जैन, पिंकी जैन, संगीता जैन, rekha जैन सरोज जैन आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पेंशन शिविर का आयोजन 9 से 12 दिसम्बर तक

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। 30 नवम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त/मृत्यु होने वाले जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन 9 एवं 10 दिसम्बर को तथा अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन 11 एवं 12 दिसम्बर को कार्यालय जिला पेंशन अधिकारी अनूपपुर में किया जाएगा। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित लिपिक के साथ शिविर में उपस्थित होकर प्रकरणों को त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा है कि आहरण एवं संविरण अधिकारी एवं स्थापना लेखा प्रभारी लिपिक की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि पेंशन प्रकरण से संबंधित समस्त अभिलेख सेवानिवृत्त कर्मचारी से प्राप्त कर प्रकरण ऑनलाईन कराएं।

### स्कूलों की ऑनलाइन मान्यता नवीनीकरण के संबंध में बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में शनिवार को अशासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूलों की सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन मान्यता नवीनीकरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में अशासकीय विद्यालयों द्वारा जिनकी मान्यता 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है, उनके द्वारा नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन करने के संबंध में जानकारी एवं निर्देश दिये गये। आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री तुलाराम आर्मो द्वारा शुल्क वृद्धि, ड्रेस, पुस्तक, छात्रवृत्ति, अपार आई.डी., सी.एम. हेल्पलाईन, बस के परिवहन, स्कूल व्यवस्था तथा सत्र 2026-27 के ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए गए।

## व्यवस्थित उपार्जन केंद्रों में कलेक्टर के निर्देश बेअसर

# खूंटाटोला उपार्जन केंद्र में धान खरीदी नहीं हो सकी शुरू





हरिभूमि
उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था हावी, कलेक्टर के आदेश की नाफरमानी

**सोमवार तक चालू होने का दावा भी निकला झूठा, परेशान अन्नदाता**

**कागजों व निर्देशों तक सीमित दावा, हकीकत से कोसों दूर**






जिले में 1 दिसंबर से धान खरीदी शुरू होने का सरकारी दावा कागज़ों और आदेश तक सीमित होकर रह गया है। वास्तविकता की पोल खोल रहा खूंटाटोला उपार्जन केंद्र में अभी तक धान खरीदी का एक भी ट्रांजेक्शन शुरू नहीं हो सका है। इससे न सिर्फ किसान चिंता में हैं, बल्कि सरकारी तैयारियों पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। किसान रोज़ धान लेकर आते हैं, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हे बैरंग वापस लौटना पड़ता है। ग्रामीण किसान अपनी मेहनत से उपजाए धान को लेकर सुबह-सुबह केंद्र पहुँचते हैं, लेकिन पहुँचने पर पता चलता है कि खरीदी आज भी शुरू नहीं हुई। नतीजतन धान वापस गाड़ियों में लादकर घर लौटना पड़ता है। इस आवाजाही में किसानों का समय, श्रम और पैसा तीनों बुरी तरह से बर्बाद हो रहे हैं। इधर प्रशासन के आदेश को भी जिम्मेदार पलीता लगाने मे जुटे हुये हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

प्रदेश में 1 दिसंबर से धान खरीदी की सरकारी शुरूआत के बावजूद खूंटाटोला उपार्जन केंद्र पर एक भी दिन खरीदी नहीं हुई है। कई दिनों से किसान रोज़ाना केंद्र तक पहुँच रहे हैं, लेकिन केंद्र हर दिन बंद मिलता है। इससे किसानों में भारी निराशा और आक्रोश है। मैनेजर संदीप गुप्ता ने कहा था कि सोमवार तक केंद्र चालू हो जाएगा, लेकिन सोमवार भी निकल गया खरीदी आज भी बंद है। किसानों के अनुसार समिति मैनेजर संदीप गुप्ता ने स्पष्ट आश्वासन दिया था कि "सोमवार तक खरीदी शुरू हो जाएगी।" लेकिन सोमवार को भी केंद्र चालू नहीं किया गया, जिससे किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। ऐसा हाल जिले के लगभग उपार्जन केन्द्रों का है।

### किसानों ने सुनाई व्यथा

किसान उदय भान राठौर, ग्राम पंचायत मुंडा खालबहरा ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए बताया कि मैंने 1 तारीख को धान बुक कराया था, लेकिन आज तक खरीदी शुरू नहीं हुई है। कई दिनों से धान लेकर आ रहा हूँ और फिर वापस जाना पड़ता है। भाड़ा कई हजार रुपये लग चुका है। इतनी परेशानी और नुकसान से मैं बहुत दुखी हूँ वही किसान मोहनलाल राठौर ग्राम धनगवां ने कहा कि हम रोज़ 10-15 किलोमीटर धान लेकर केंद्र तक जाते हैं, लेकिन आज भी खरीदी शुरू नहीं हुई। सोमवार तक खुलने की बात कही गई थी, पर कुछ नहीं हुआ। समय, पैसा और मेहनतकृसब बर्बाद हो रहा है।

### मूलभूत सुविधाएं भी नही मयस्सर

पीड़ति किसानों ने बताया कि केंद्र की सफाई बिल्कुल नहीं कराई गई है। तिरपाल, बोरा, तौलकाँटा कुछ भी व्यवस्था नहीं है, स्टाफ पूरी तरह नदारद है वही निरीक्षण करने तक कोई अधिकारी नहीं आया है। परिसर में धूल, कचरा और बदहाली की स्थिति है। जिससे स्पष्ट है कि प्रशासन ने केंद्र को तैयार करने की कोई भी प्रक्रिया समय पर नहीं की है। समिति मैनेजर ने पहले कहा था कि मेरी जानकारी के बिना ही फूड इंस्पेक्टर ने केंद्र का कार्यभार सेवा सहकारी समिति जैतहरी को दे दिया है। इसी कारण खरीदी शुरू नहीं हो पा रही है। यह बयान सीधे तौर पर विभागीय तालमेल की भारी कमी की ओर इशारा करता है। परेशान किसानों ने कहा कि सरकार खरीदी शुरू बता रही है, लेकिन हमारा केंद्र कब खुलेगा? लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे किसान अब पूरी तरह परेशान हैं। धान की क्वॉलिटी खराब होने का डर, भारी आर्थिक नुकसान और रोज़ की यात्रा उन्हें मानसिक तौर पर भी थका रही है।

### आदेश के बावजूद मनमानी जारी

3 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा था कि अनूपपुर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित हो, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने निर्देश दिया था कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार धान का उपार्जन किया जाए और इसका सतत निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व एवं तहसीलदार करें। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में धान का आकस्मिक वर्षा से बचाव हेतु तिरपाल की व्यवस्था, वर्षा जल निकासी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्व से सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी प्रकार की फसल क्षति न हो, लेकिन इसके उलट उपार्जन केन्द्रों मे अव्यवस्था हावी है।

### व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों की सघन निगरानी के आदेश

8 दिसंबर को नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश देते हुये कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों की सघन निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों में धान उपार्जन व्यवस्था, धान के उठाव एवं परिवहन व्यवस्था, मिलर्स से संबंधित व्यवस्थाओं सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों की सतत समीक्षा एवं निगरानी की जाए।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ वार्षिक खेल दिवस

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, विजेता हुये सम्मानित




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया .कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर की प्राचार्या डा. प्रमिला पाण्डेय उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा अतिथियों की अगवानी कर उन्हें मंचासीन कराया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य श्री तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना का मधुर गायन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा अतिथिओं को कैप एवं बैज पहना कर स्वागत किया गया तथा स्वागत गान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ना हारना जरूरी है ,ना जीतना जरूरी है। खेल को बस खेलना जरूरी है। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने उद्बोधन देते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे हम सहयोग, सम्मान और ईमानदारी जैसे महत्वपूर्ण गुण सीखते हैं। खेल हमें अनुशासन सिखाता है, जिससे हम समय का सही उपयोग करना और नियमों का पालन करना सीखते हैं। नियमित रूप से खेल खेलने से हमारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। यह हमें टीमवर्क, धैर्य और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। इसलिए, खेल हमारे जीवन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है और हमें एक संतुलित तथा स्वस्थ जीवन जीने में मदद करता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डा. प्रमिला पाण्डेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को जीवन का हिस्सा बनाने से हमारा शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता है। जैसा कि कहा जाता है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क विद्यमान होता है, इसलिए खेल हमारे मानसिक विकास में भी मदद करता है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने खेल ध्वज फहराकर मशाल प्रज्ज्वलित कर स्पोर्ट्स मीट शुरू करने की घोषणा की। तत्पश्चात विद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर यू-17 खो-खो खेल में प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा जयश्री पटेल ने मशाल लेकर खेल मैदान का चक्कर लगाते हुए विद्यार्थियों के मन में जोश, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार कियाद्य इसके पश्चात विद्यालय के समस्त छात्रों ने सदनानुसार ध्वज लेकर मार्च पास किया। तत्पश्चात समस्त कक्षाओं से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की सदनवार विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु गुब्बारा दौड़,बोरा दौड़, 30 मीटर दौड़, बाधा दौड़, 40 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, पुस्तक संतुलन दौड़ एवं सुई धागा दौड़ का आयोजन किया गया। माध्यमिक कक्षाओं से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के लिए 100 मीटर स्प्रिंट, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिलेदौड़, रस्साकसी एवं खो-खो आदि खेलों का आयोजन कियाद्य सभी विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करते हुए अपने उत्साह का परिचय दियाद्य कार्यक्रम के रोमांच को चार चाँद लगाने के लिए विद्यालय में अध्यापनरत शिक्षकों के मध्य म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों का उत्साहवर्धन किया एवं अध्यापकों ने भी खेल भावना प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। सदनानुसार समग्र खेलों में अशोक सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय एवं शिवाजी सदन तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम के समापन के पूर्व प्राचार्य ने अतिथियों के साथ मिलकर विभिन्न खेलों में विजयी खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात प्राचार्य ने खेल ध्वज का अवरोहण कर खेल ध्वज को शारीरिक शिक्षक आयुष कुमार आर्या को प्रदान करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की, कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी शिक्षक राम गोपाल प्रजापति द्वारा किया गया।

## कलेक्टर के नाम एसडीएम को पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

# बिना पूर्व नोटिस के निलंबन से व्यथित पटवारियों ने हड़ताल की

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



रविवार को प्रांतीय पटवारी संघ इकाई कोतमा के द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपते हुए मांग किया गया है कि तहसील कोतमा अंतर्गत पदस्थ पटवारी सत्येन्द्र कुमार विश्वकर्मा को बिना पूर्व नोटिस के निलंबन से व्यथित होकर समस्त पटवारी हड़ताल सोमवार से हड़ताल में जाने के लिए बाध्य हैं। सोमवार को कोतमा तहसील के समस्त पटवारी तहसील परिसर में हड़ताल करते हुए धरने मे बैठ गये। पटवारियों की मांग है कि कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा 06 दिसम्बर को जिला अनूपपुर अंतर्गत 03 पटवारी एवं तहसील कोतमा अंतर्गत पटवारी सत्येन्द्र कुमार विश्वकर्मा का निलंबन किया गया है। जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा के द्वारा पिछले 01 माह से तहसील कोतमा के समस्त पटवारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे कार्य में संलग्न कर नियत समय के पूर्व सत-प्रतिशत कार्य का संपादन कराया गया जबकि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 दिसम्बर है किन्तु पटवारियों के अथक प्रयास एवं सहयोग से पूर्व में नियत अंतिम समयावधि 04 दिसम्बर के पूर्व ही डिजिटाजेशन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। 04 दिसम्बर को जिला कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई जिसमें कार्य में व्यस्तता होने के कारण राजस्व के सारे कार्य उच्च स्तर से निम्न स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा स्थगित कर दिया गया था, इसके बावजूद उक्त पटवारी द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में जॉच रिपोर्ट न्यायालय में पूर्व से ही जमा किया जा चुका था

## परिवहनकर्ता को लाभ पहुंचाने डीएसओ पर क्रॉस मूवमेंट का आरोप

# उपार्जन नीति का खुला उल्लंघन तो ओव्हर लोडिंग पर यातायात विभाग ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**जिले में उपार्जन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि प्रभारी प्रबंधक नॉन अनीता सोरते द्वारा बनाए गए परिवहन रूट प्लान में जानबूझकर लंबी दूरी तय करने वाले मार्ग शामिल किए हैं, जिसके चलते परिवहनकर्ता को करोड़ों रुपये का लाभ पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार जिले में सभी धान उपार्जन केंद्रों के आसपास गोदाम उपलब्ध हैं और उनमें भंडारण की पर्याप्त जगह भी है, फिर भी धान को नजदीकी गोदामों की बजाय 40 से 50 किमी दूर भेजा जा रहा है। इतना ही नही प्रभारी डीएम नॉन ने शासन के नियमों के विपरित जाकर उपार्जित केन्द्रों से परिवहन किये जा रहे धान को ट्रको में क्षमता से अधिक का परिवहन करने तक का आदेश दिया गया है।**





### यह है मामला

जिले में धान उपार्जन के लिये 34 केन्द्र बनाये गये, जिले के 1033 किसानो से अब तक 49044.49 क्विंलट धान की खरीदी की चुकी है। लेकिन परिवहन कर्ता द्वारा उपार्जन केन्द्रों में भंडारण हेतु 46976.09 क्विंटल धान परिवहन हेतु तैयार कर रखे गये है, जिससे उक्त धान को समय पर भंडारण केन्द्र तक पहुंचाकर समय पर किसानो को उनकी राशि का भुगतान हो सके। लेकिन परिवहन की धीमी गति के कारण किसानो का उनका भुगतान समय पर नही हो पा रहा है। वहीं अब तक परिवहनकर्ता द्वारा मात्र 16.89 प्रतिशत ही धान का परिवहन किया गया है। मामले ने तूल पकते ही खाद्य अधिकारी एवं प्रभारी प्रबंधक नॉन अनीता सोरते की पारदर्शिता, जवाबदेही और उपार्जन व्यवस्था की ईमानदारी पर सवाल खड़े हो गये है। स्थानीय प्रतिनिधि और किसान संगठनों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### परिवहनकर्ता को लाभ पहुंचाने क्रॉस मूवमेंट का खेल

जिला खाद्य अधिकारी अनीता सोरते ने परिवहन कर्ता बृजेश पांडेय को लाभ पहुंचाने के चक्कर में उपार्जन नीति के विपरीत जाकर उपार्जन केन्द्रों के पास बने भंडारण केन्द्रों को छोड़कर लंबी दूरी वाले भंडारण केन्द्रों की मैपिंग करने के साथ क्रॉस मूवमेंट गेम खेला गया। इस पूरे गेम में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटनाकल (रामकथा मैदान केंद्र) एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुलहरा पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास स्थित मैदन की खरीदी की जा रही धान को 50 किमी दूर ओंम सिंह वेयर हाउस परासी भेजा जा रहा है। जबकि 5 किमी दूर स्थित शारदा वेयर हाउस बीओटी बरबसपुर का गोदाम है। इसके साथ ही दुर्गा 2 स्व-सहायता समूह बलबहरा, बलबहरा कृषि मंडी की धान को 30 किमी दूर शारदा वेयर हाउस बीओटी बरबसपुर गोदाम भेजा गया, जबकि सिर्फ 10 किमी दूर महावीर वेयरहाउस उपलब्ध था।

### सवालों के घेरे मे प्रशासन की कार्यशैली

ठेकेदार को लाभ दिलाने के चक्कर में डीएसओं पर उपार्जन नीति के विपरीत जाकर गलत मैपिंग किये जाने तथा क्रॉस मूवमेंट का खेल से कई सवाल खड़े हो चुके है। जब कम दूरी वाले गोदाम उपलब्ध थे, तो अधिक दूरी वाले रास्ते क्यों चुना गया? परिवहन दूरी बढ़ने से फ्रेट चार्ज बढ़ेगा, जिससे सीधे तौर पर परिवहनकर्ता को अधिक भुगतान करना होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल योजना बनाकर किया जा रहा है, ताकि परिवहनकर्ता को अधिकतम आर्थिक लाभ मिल सके। मैपिंग उपार्जन नीति के नियमों के विपरीत है। नजदीक गोदाम खाली हैं, फिर भी धान को 40दृ50 किलोमीटर दूर ले जाना वित्तीय अनियमितता का सीधा मामला है। डीएसओ अनीता सोरते के डीएम नॉन का अतिरिक्त प्रभार मिलते ही पूरे जिले में मैपिंग की नई व्यवस्था लागू की गई और यह बदलाव नियमों के बजाए ठेकेदार हितों को ध्यान में रखकर किया गया। उपार्जन नीति का उल्लंघन एवं परिवहन ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के चक्कर में विभाग के करोड़ों रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग और नीतिगत भ्रष्टाचार का मामला बन सकता है। जिले के 34 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी जा रही धान को परिवहन कर भंडारण केन्द्रों तक पहुंचाने के लिये ट्रकों में ओव्हर लोड धान का परिवहन कराया जा रहा है, वहीं सड़कों में दौड़ रही धान से लदी ओव्हर लोड ट्रकों के कारण यातायात प्रभारी विनोद दुबे की चुप्पी भी साफ दिखलाई जा रही है। एक तरफ यातायात प्रभारी द्वारा यातायात नियमों का पालन हेतु आम लोगो को पाठ पढ़ाया जा रहा है।

**न्यायालय में, श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खण्ड कोतमा, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**

1. श्रीमती सरस्वती उर्फ लक्की उम्र 42 वर्ष बेवा स्व. मुन्नालाल 2. यश उम्र 24 वर्ष पिता स्व. मुन्नालाल 3. ओम कुमार उम्र 18 वर्ष पिता मुन्नालाल सभी निवासी- साकिन खोंगापानी, क्वाटर नं.-पी/35, वार्ड नं.-08, पक्का धौड़ा, थाना-झगराखाण्ड, जिला एम.सी.बी. छ.ग.-- आवेदकगण---------------**बनाम**

1. आयुक्त भविष्य निधि, कार्यालय शक्तिनगर, गुप्तेश्वर जबलपुर, पोस्ट- जबलपुर, जिला- जबलपुर म.प्र. 2. केन्द्रीय श्रमायुक्त शहडोल, कार्यालय गायत्री मंदिर के पास, शहडोल, कोतवाली शहडोल, जिला-शहडोल म. प्र. 3.क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसईसीएल हसदेव क्षेत्र कार्यालय लेदरी झगराखाण्ड,जिला- एम. सी. बी. छ. ग. 4.उपक्षेत्रीय प्रबंधक, आर.ओ. राजनगर एसईसीएल हसदेव क्षेत्र, थाना रामनगर, जिला -अनूपपुर म.प्र. 5. अन्य कोई जो संबंधित हो।---अनावेदकगण

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925
उत्तराधिकार प्रकरण क्र.- MJCSUC/22/2025
सीएनआर नं. - MP65050033462025
आगामी तारीख पेशी-28/01/2026

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को जरिये प्रकाशन एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक क्र-01 के पति एवं क्र-02 तथा आवेदक क्र-03 के पिता मुन्नालाल पिता मंगल प्रसाद सुरक्षा रक्षक के पद पर अनावेदक क्र-03 एवं 04 के अधीन एसईसीएल हसदेव क्षेत्र अंतर्गत राजनगर आर.ओ. उपक्षेत्र में पदस्थ थे जिनकी सेवाकाल के दौरान दिनांक-08/06/2022 को हो गई। मृतक मुन्नालाल की संचित ग्रेच्युटी एवं भविष्य निधि की राशि मय ब्याज जो कि अनावेदक क्र-01 एवं क्र-02 के अधीन संचित है को प्राप्त करने हेतु आवेदकगण व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखना हो या कोई आपत्ति हो तो आगामी सुनवाई दिनांक - 28/01/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रख सकते है उक्त तिथि को कोई आपत्ति प्रस्तुत नही होने पर न्यायालय द्वारा सुनवाई की प्रक्रिया में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालयीन अवकाश होता है तो आगामी तिथि को कार्यवाही की जायेगी।

इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से दिनांक- 02/12/25 जारी।

स्थान - कोतमा
दिनांक--02/12/2025

सील

(अरविन्द कुमार बरला)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा जिला - अनूपपुर (म.प्र.)